




नवभारत

भोपाल, सोमवार 10 अगस्त, 2026


# ठेकेदार के अधूरे कार्य ननि करेगा पूर्ण

## स्मार्ट सिटी द्वारा गऊघाट से तीन मढ़िया तक बनाई जा रही थी सड़क, गंदा पानी सड़क पर बहता

नवभारत न्यूज

**सागर 9 अगस्त. बुंदेलखंड के संभागीय मुख्यालय सागर स्मार्ट सिटी में तीन मढ़िया से गऊघाट तक निर्माणाधीन सड़क का कार्य ठेकेदार द्वारा बीच में अधूरा छोड़ दिए जाने से व्यस्ततम मार्ग पर नाली का गंदा पानी बहता रहता है. जिसके विरोध में कांग्रेस पार्षद दल द्वारा दिए गए धरने के बाद नगर निगम की नींद खुली और मौके पर ही सात दिन में निगम के माध्यम से नाली निकासी की उचित व्यवस्था का आश्वासन दिया गया.**

मालूम हो कि तीन मढ़िया से गऊघाट के बीच नाव मंदिर के सामने से लाजपतपुरा वार्ड को



जोड़ने वाली सड़क से बहते पानी की निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण मंदिर के सामने ठंड-गर्मी, बरसात में पानी भरा रहता है. उपरोक्त मार्ग से प्रतिदिन जिले के आला अफसरों और जनप्रतिनिधियों के वाहन दिनभर दौड़ते रहते है मगर किसी ने भी गंदे पानी की निकासी की उचित व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया है. जिसके चलते पिछले दिनों कांग्रेस पार्षद दल के सदस्यों ने गंदे पानी में बैठकर धरना दिया तो निगम उपायुक्त एसएस बघेल दो इंजीनियरों को लेकर मौके पर पहुंच गए थे. जिनके आश्वास पर ही कांग्रेस पार्षद उठने को तैयार हुए और धरना समाप्त हुआ था.

### निगम ने निकाला टेंडर

लाजपतपुरा वार्ड में चैंबर एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य के लिए निगम ने अल्पकालीन निविदा निकाल दी गई जिसकी अंतिम तिथि भी 11 अगस्त रखी गई है. उपरोक्त कार्य की लागत 6 लाख 46 हजार 452 रुपए आंकी गई है और 2 माह में निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाना है. दो दिन बाद संभवतः टेंडर खोलने की प्रक्रिया हो सकती है जिसके बाद ही वर्कऑर्डर जारी होगा. तो वहीं निगम ने जेसीबी मशीन के माध्यम से पूर्व में बनी नाली की साफ-सफाई शुरु करा दी गई है और संभावना है कि इस माह के अंत तक उपरोक्त समस्या का हल निकाल दिया जायेगा.

## राष्ट्रीय पर्वों पर सांची के पेड़ा वितरित होंगे

**सागर.** आयुक्त सागर संभाग एवं प्रशासक बुंदेलखंड सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित कमिश्नर अनिल सुचारी ने संभाग के सभी जिलों को निर्देश जारी किए हैं कि इस वर्ष 15 अगस्त और 26 जनवरी को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पर्वों के समारोह में स्कूली बच्चों को मिठाई के रूप में सांची पेड़ा का वितरण किया जाए. आयुक्त कार्यालय से जारी पत्र के अनुसार 15 अगस्त और 26 जनवरीपर स्कूलों में आयोजित समारोहों में उपहार स्वरूप मिठाई और नागरिकों को नाश्ते के वितरण के दौरान अमानक स्तर की मिठाई के कारण फूड पॉइजनिंग की शिकायतें सामने आती हैं. संभाग के सागर, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़, पन्ना एवं निवाड़ी समस्त शासकीय विद्यालयों कार्यालयों में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पर्व के समारोह में सांची पेडा वितरित होंगे.

# सुरखी नगर परिषद भवन का लोकार्पण

नवभारत न्यूज

**सागर 9 अगस्त. खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सुरखी नगर परिषद क्षेत्र का पैदल भ्रमण किया. मंत्री श्री राजपूत गली-गली और घर-घर पहुंचे तथा आम नागरिकों से सीधे संवाद कर समस्याएं सुनीं.**

उन्होंने विभिन्न वार्डों में चल रहे और प्रस्तावित विकास कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों से जमीनी स्थिति की जानकारी ली तथा नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए. मंत्री श्री राजपूत ने सुरखी नगर परिषद भवन का लोकार्पण किया. 5 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की घोषणा की. सीसी रोड, डब्ल्यूबीएम रोड, पुलिया, नाली, सामुदायिक भवन, फर्श निर्माण एवं स्वागत द्वार सहित अनेक विकास कार्यों का भूमिपूजन किया.



मंत्री श्री राजपूत ने सुरखी के विभिन्न वार्डों में पैदल भ्रमण करते हुए बुजुर्गों, महिलाओं, युवाओं, दुकानदारों एवं स्थानीय नागरिकों से मुलाकात की. उन्होंने लोगों से सड़क, नाली, पेयजल, आवागमन सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली. उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि और जनता के बीच सीधा संवाद लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है. कार्यालय में बैठकर क्षेत्र की वास्तविक स्थिति का पूरा आकलन नहीं किया जा सकता. इसलिए जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुनना और विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति को मौके पर देखना आवश्यक है. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों की छोटी से छोटी समस्या को भी गंभीरता से लिया जाए तथा विकास कार्यों में गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए. मंत्री श्री राजपूत के पैदल भ्रमण के दौरान सुरखी नगर परिषद के विभिन्न वार्डों में 5 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की घोषणा की एवं विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन लोकार्पण किया गया.

## एक नजर में



### सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**सागर.** सूबेदार वार्ड स्थित दुबे तालाब के पास पार्षद निधि से स्वीकृत 20 लाख रुपए की राशि से सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया. पार्षद श्रीमती रूबी कृष्ण कुमार पटेल की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों ने सहभागिता की. इस अवसर पर मनीष साहू, घनश्याम पटेल, प्रकाश पटेल, पदम जैन, नम्रता जैन, शिखा चौबे, नीलेश जैन, नरेंद्र पटेल, माधव आठ्या, नमन चौबे उपस्थित रहे. पार्षद श्रीमती पटेल ने कहा कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद रहवासियों को आवागमन एवं जल निकासी की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी.



### क्रिश्चिन प्रीमियर सुपर लीग में खेले गए मैच

**सागर.** ईएलसी चर्च, क्रिश्चियन फुटबॉल क्लब एवं ईएलसी क्रिकेट-11 के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 9 ए साइड फुटबॉल टूर्नामेंट क्रिश्चियन प्रीमियर सुपर लीग में स्वीडिश मिशन स्कूल फुटबॉल ग्राउंड में तीन मुकाबले खेले गए. पहला मुकाबला ईएलसी फुटबॉल क्लब एवं वेदा एफसी के बीच खेला गया. दोनों टीमों के बीच 3-3 गोल की बराबरी पर समाप्त हुआ. बीएमएफसी ने मैच की शुरुआत से ही विपक्षी टीम पर दबाव बनाए रखा. बेहतरीन पासिंग और आक्रामक रणनीति के दम पर बीएमएफसी ने 4-2 से मुकाबला जीता. प्रतियोगिता में निर्णायक विजय पिंका देव, अमित मसीह एवं पार्थ श्रीवास्तव रहे. इस दौरान पीयूष मार्टिन, केतन पांडे, वासु उपाध्याय, प्रखर दीन, क्षितिज विशाल स्वरूप, विक्की वाल्टर उपस्थित थे.



### परकोटा पर प्रतिमा स्थापना को लेकर मांग

**सागर.** क्षत्रिय समाज के प्रतिनिधिमंडल ने जिला अध्यक्ष नीरज सिंह, संरक्षक एवं पूर्व अध्यक्ष एड. हरिराम सिंह के साथ विधायक शैलेन्द्र जैन से भेंट कर राजा उदनशाह की स्मृति को स्थायी रूप से सम्मानित किए जाने की मांग रखी. प्रतिनिधिमंडल ने विधायक को अवगत कराया कि श्री शाह के संबंध में गजेटियर में स्पष्ट उल्लेख मिलता है. जिन्होंने किले का निर्माण कर तत्कालीन परकोटा ग्राम बसाया और शहर की स्थापना की. प्रतिनिधिमंडल ने मांग रखी कि श्री शाह की प्रतिमा मुख्य स्थान पर स्थापित की जाए तथा कॉरिडोर रोड में निर्माणाधीन सभागार का नामकरण श्री शाह के नाम पर किया जाए.

## आरटीओ में शिविर आज

**सागर.** परिवहन विभाग के लंबित आवेदनों एवं नवीन आवेदनों के तत्काल निराकरण के लिए 10-11 अगस्त को कार्यालय क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी परिसर में दो दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है. शिविर में वाहनों के स्वामित्व अंतरण, अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने, वाहनों का फायनेंस निरस्त एवं दर्ज करने, अन्य राज्यों के वाहनों के पंजीकरण तथा समस्त प्रकार के नवीन वाहनों के पंजीयन से संबंधित कार्य किए जाएंगे.नवीन स्थायी ड्रायविंग लाइसेंस जारी करने, स्थायी ड्रायविंग लाइसेंस के नवीनीकरण तथा सीएम हेल्पलाइन से संबंधित शिकायतों के समाधान की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी.

# डिवाइडर पर पौधारोपण कराया गया

नवभारत न्यूज

**सागर 9 अगस्त. नगर निगम द्वारा जिला अस्पताल से कनेरादेव चौराहे तक डिवाइडर पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

इस अवसर पर विधायक शैलेंद्र जैन, महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी, निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता का संदेश दिया. कार्यक्रम के दौरान डिवाइडर पर



चंपा, पाम एवं गुलमोहर के पौधे लगाए गए. चंपा अपने सुगंधित एवं आकर्षक पुष्पों के कारण वातावरण को सौंदर्य और शीतलता प्रदान करता है. पाम पौधे कम स्थान में भी अच्छी वृद्धि करते हैं विधायक श्री जैन ने कहा कि नगर में 25 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. महापौर श्रीमती तिवारी ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के आधार हैं. कार्यक्रम में रिशांक तिवारी, पार्षद धर्मेंद्र खटीक, मनीष चौबे, विक्रम सोनी, यश अग्रवाल, पूर्व पार्षद चेतराम, अमन चौरसिया, पवन यादव, नितिन सोनी, राहुल वैद्य, कमलेंद्र जाटव, रत्नेश जाटव आदि मौजूद थे.

# अमरमऊ में महिला की मौत

नवभारत न्यूज

**शाहगढ़ 9 अगस्त. ग्राम पंचायत अमरमऊ में एक महिला द्वारा जहरीला पदार्थ पी लेने का मामला सामने आया है.**

महिला की हालत गंभीर होने पर परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया. जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया. जानकारी के अनुसार ग्राम अमरमऊ निवासी नंदलाल पटैल की पत्नी जिव्बो पटैल ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ पी लिया था. परिजन महिला को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों के प्रयास के बावजूद उसकी जान नहीं बच सकी और उसे मृत घोषित कर दिया गया. घटना के बाद परिवार में मातम का माहौल है. महिला ने किन परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाया, इसका फिलहाल स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है. घटना को लेकर पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है तथा मामले की जांच के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा.

# ट्रेक पर बंद ट्रक को हटाया गया



नवभारत न्यूज

**सागर 9 अगस्त. 10वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल कंपनी दमोह के बांदकपुर मंदिर में कानून-व्यवस्था ड्यूटी के लिए रवाना हो रही थी.**

इसी दौरान मकरोनिया-गुड़ा रेलवे फाटक के पास एक मालवाहक ट्रक अचानक रेलवे ट्रैक के बीच बंद हो गया. ट्रक पूरी तरह माल से लदा हुआ था और उसी समय रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के आने की स्थिति बन रही थी. जवानों ने ट्रक को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने का प्रयास शुरू किया. भारी-भरकम और माल से लदे ट्रक को हटाना आसान नहीं था, लेकिन जवानों ने एकजुट होकर पूरी ताकत लगाई और ट्रक को धक्का देना शुरू किया.

## प्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव कराने की मांग की गई

**सागर.** लंबे समय से लंबित छात्र संघ चुनावों को लेकर हाईकोर्ट के रुख का एनएसयूआई नेता आनंद अहिरवार ने स्वागत किया है. उन्होंने कहा विवि और महाविद्यालयों में वर्ष 2017 के बाद से छात्र संघ चुनाव नियमित रूप से नहीं हो सके हैं. प्रत्येक विद्यार्थी को पसंदीदा उम्मीदवार को सीधे वोट देने का अधिकार मिलना चाहिए. प्रत्यक्ष चुनाव होने से छात्र प्रतिनिधित्व अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनेगा. सरकार को छात्र संगठनो, विद्यार्थियों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए चुनाव की प्रक्रिया जल्द शुरू करनी चाहिए.



# छात्र संघ पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह

नवभारत न्यूज

**सागर 9 अगस्त. जैन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल सीबीएसई के छात्र संघ पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ.**

समारोह के मुख्य अतिथि ले.कर्नल राजेंद्र सिंह एवं अध्यक्षता सेठ उदयचंद जैन ने की. इस अवसर पर उपाध्यक्ष राजीव चौधरी, सचिव डॉ केके सराफ, डॉ अरुण सिंघई, प्रदीप रांधेलिया, प्राचार्य द्वय पवन जैन, रजनीश जैन उपस्थित रहे. छात्र संघ पदाधिकारियों तथा हाउस कैप्टन द्वारा मार्च पास्ट किया एवं मुख्य अतिथि को सलामी दी गई. मंचासीन अतिथियों द्वारा छात्र संघ अध्यक्ष अर्पित यादव एवं पूर्वी साहू, उपाध्यक्ष रुद्रांश तिवारी एवं माही



दांगी, स्पोर्ट्स कैप्टन अभय सिंह ठाकुर सहित सांस्कृतिक मंत्री, विज्ञान सचिव, स्वच्छता मंत्री एवं सभी हाउस कैप्टन को बेच लगाकर दायित्व सौंपा. कर्नल सिंह ने अनुशासित दिनचर्या के बारे में बताया. श्री जैन ने कहा कि नेतृत्व अधिकार से नहीं बल्कि सेवा, इमानदारी और अच्छे आचरण से स्थापित होता है. डॉ सराफ और श्री चौधरी ने संबोधित किया. संचालन अदिति चौरसिया और आभार रजनीश जैन ने माना. इस अवसर पर श्रीमती वैशाली अग्रवाल, अनामिका तिवारी, प्रतिभा जैन, एसके पांडे, नितिन तिवारी, वंदना तिवारी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं का सहयोग रहा.

# एजूकेशन संडे पर गीतों की प्रस्तुति दी गई

नवभारत न्यूज

**सागर 9 अगस्त. सेंट पॉल ईएल चर्च में शिक्षा रविवार पर कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम के तहत विशेष रविवारीय आराधना का आयोजन हुआ. आराधना रेव्हरेंड जंयत सिंह मैथ्यूज के द्वारा संपन्न कराई गई.**

चर्च सचिव ई. वाय. कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में शिक्षा विभाग से जुड़े कार्यरत एवं सेवानिवृत्त शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा कर्मचारियों ने सहभागिता की. इस अवसर पर शिक्षकों एवं कर्मचारियों द्वारा विभिन्न गीतों की प्रस्तुतियां दी गई. शिक्षकों और कर्मचारियों ने अपनी प्रतिभा के माध्यम से शिक्षा के प्रति समर्पण एवं सेवाभाव का संदेश भी दिया.



कार्यक्रम के दौरान उपस्थितजनों ने शिक्षा के महत्व पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा समाज के विकास और निर्माण का महत्वपूर्ण आधार है. कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. मीना शैवंती बड़ा ने शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों की भूमिका और उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताते हुए शिक्षा के व्यापक उद्देश्य पर प्रकाश डाला. शिक्षा रविवार पर आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में सेवाएं दे रहे तथा सेवानिवृत्त शिक्षक-कर्मचारियों के योगदान का स्मरण किया. उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में दी गई सेवाओं और समाज के प्रति उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताया गया. कार्यक्रम के अंत में मंजू सिंग ने सभी उपस्थित शिक्षकों, कर्मचारियों तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया. विशेष आराधना और गीतों की प्रस्तुतियों के साथ शिक्षा रविवार का कार्यक्रम संपन्न हुआ.

## महासभा की प्रदेश उपाध्यक्ष बनीं भावना

**सागर.** श्री कृष्णा यादव महासभा ने भावना रोहण यादव को मध्यप्रदेश



महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है. राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश यादव की ओर से जारी नियुक्ति पत्र में भावना को नई जिम्मेदारी सौंपी है. उल्लेखनीय है कि भावना रोहण का राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय योगदान रहा है.भावना रोहण वरिष्ठ कांग्रेस नेता जितेंद्र सिंह रोहण की पत्नी तथा युवा कांग्रेस नेता कार्तिकेय सिंह रोहण की चाची हैं. परिवार की राजनीतिक पृष्ठभूमि के साथ स्वयं भावना रोहण यादव का कांग्रेस संगठन में विभिन्न जिम्मेदारियों पर कार्य करने का अनुभव है.

# सवा करोड़ की ठगी करने वाला आरोपी पंजाब से पकड़ा

नवभारत न्यूज

**सागर 9 अगस्त. शेयर मार्केट में निवेश कर कम समय में भारी मुनाफा दिलाने का लालच देकर एक युवक से 1 करोड़ 27 लाख 44 हजार 420 रुपये की ठगी करने के मामले में मोतीनगर थाना पुलिस ने कार्रवाई की है.**

पुलिस ने मामले के आरोपी हरमिंदर सिंह, निवासी चंडीगढ़, पंजाब को दबिश देकर गिरफ्तार किया है. आरोपी को सागर लाने के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया. पुलिस ने आरोपी से जुड़े बैंक खातों की जांच के दौरान करीब 20 लाख रुपये की राशि रिकवर की है. पुलिस अब आरोपी के अन्य बैंक खातों और लेन-देन की भी जांच कर रही है. जानकारी के अनुसार अहमदनगर वार्ड निवासी ऋद्धार्थ सिंह की मुलाकात चंडीगढ़ निवासी हरमिंदर से हुई थी. हरमिंदर ने खुद को शेयर मार्केट में निवेश और उससे बेहतर रिटर्न दिलाने में सक्षम बताते हुए ऋद्धार्थ को निवेश के लिए प्रेरित किया था.

**अतिक्रमण** | अतिक्रमण की चपेट में पुलिस बूथ, सड़कों पर संचालित हाथ ठेले, राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी

# घंटाघर से आजाद चौक तक फुटपाथ और सड़क पटरी पर अवैध कब्जा

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 9 अगस्त. वीर सावरकर चौराहा इन दिनों अवैध अतिक्रमण की चपेट में है. चौराहे के आसपास सड़क पटरी, फुटपाथ और मुख्य सड़क तक हाथ ठेले व सब्जी विक्रेताओं ने जगह घेर रखी है.**

घंटाघर से सावरकर चौक तक दिनभर यातायात प्रभावित रहता है और वाहन चालकों के साथ पैदल राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. चौराहे



के चारों ओर बड़ी संख्या में हाथ ठेले और सब्जी की दुकानें लगने से सड़क का काफी हिस्सा घिर जाता है. फुटपाथ के साथ-साथ राहगीरों के पैदल चलने के लिए बनाई गई सफेद पट्टी के आगे तक ठेले खड़े किए जा रहे हैं. ऐसे में पैदल चलने वालों को मुख्य सड़क पर उतरकर आवागमन करना पड़ता है, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है. स्थानीय लोगों के अनुसार, करीब एक दशक से अधिक समय पहले तत्कालीन पुलिस अधीक्षक किरण एस. द्वारा 12 नवम्बर 2014 को शहर के प्रमुख चौराहों पर पुलिसकर्मियों को धूप, गर्मी, सर्दी और बारिश से बचाने के लिए पुलिस बूथ रखवाए गए थे. सावरकर चौक पर भी पुलिस बूथ स्थापित किया गया था. हालांकि समय के साथ पुलिस बूथ का नियमित उपयोग नहीं हो सका. अब स्थिति यह है कि बूथ के आसपास भी सब्जी विक्रेताओं और हाथ ठेला संचालकों ने अपना कब्जा जमा लिया है. बूथ के चारों ओर दुकानें लगने के साथ ही फुटपाथ से आगे मुख्य सड़क की ओर तक ठेले खड़े दिखाई देते हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि चौराहे के आसपास जगह सीमित होने और ठेले व दुकानों के लगातार बढ़ने से आए दिन जाम की स्थिति बनती है. जगह घेरने को लेकर दुकानदारों और ठेला संचालकों के बीच विवाद की स्थिति भी पैदा होती रहती है.


# कार्यालय नगर पालिक निगम सागर

क्र./नामा.शा./न.नि./2026-27/40 — -:: सूचना ::- — सागर दिनांक : 06/08/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, नगर पालिक निगम सागर सीमान्तर्गत नीचे दिए गए भवनों/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी लिखित आपत्ति सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के अंदर आयुक्त, नगर पालिक निगम सागर के नाम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

| क्र. | प्र.क्र. | वार्ड का नाम भवन/प्लाट | किस आधार पर | नाम बेचवार/वसीयतनामा/दानदाता/वंशानुक्रम | जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 941/26-27 | शुक्रवारी | रजि.बैनामा, शपथ पत्र | शेख आजाद वल्द शेख रियाज मुसलमान | रोशन पति कोहिनूर आरा |
| 2. | 942/26-27 | शास्त्री | रजि.बैनामा, शपथ पत्र | मनोज कुमार पिता रामकृष्ण तिवारी | अरुणा पति वेदप्रकाश तिवारी |
| 3. | 943/26-27 | शास्त्री | मृत्यु-प्रमाण पत्र,शपथ पत्र | स्व.मोहिनी बाई पति स्व.कीमतराम पंजवानी | अनिल, रामचंद्र, राकेश एवं मुकेश सभी पिता कीमतराम पंजवानी |
| 4. | 944/26-27 | शास्त्री | मृत्यु-प्रमाण पत्र,शपथ पत्र | स्व.कीमतराम पिता तुलसाराम पंजवानी | अनिल, रामचंद्र, राकेश एवं मुकेश सभी पिता कीमतराम पंजवानी |
| 5. | 945/26-27 | गोपालगंज | रजि.बैनामा, शपथ पत्र | प्रदीप कुमार एवं निरंजन कुमार दोनों पिता भुजबल प्रसाद साहू | नीरज पिता करन विश्वकर्मा |
| 6. | 946/26-27 | चंद्रशेखर | रजि.बैनामा, शपथ पत्र | राकेश कुमार पिता रामसेवक श्रीवास्तव | सोनू एवं सुमित दोनों पिता राधेगोविंद साहू |
| 7. | 947/26-27 | चकराघाट | मृत्यु-प्रमाण पत्र, शपथ पत्र | स्व. संतोष कुमार पिता स्व.लक्ष्मीनाराण सोनी | दीपा पति स्व.संतोष कुमार एवं आदित्य पिता स्व.संतोष कुमार सोनी |
| 8. | 948/26-27 | बाघराज | रजि.बैनामा, शपथ पत्र | ब्रजकिशोर पिता जगदीश प्रसाद दुबे | रश्मि पति नीलेश दुबे |
| 9. | 949/26-27 | बाघराज | रजि.बैनामा, शपथ पत्र | सीताराम पिता स्व.जगन्नाथ पटैल | नरेश पिता स्व. बालचंद्र चौरसिया |
| 10. | 950/26-27 | लक्ष्मीपुरा | रजि.बैनामा, शपथ पत्र | दीपक कुमार पिता स्व.सुरेशचंद जैन | हर्षित पिता श्याम सुंदर सोनी |

कृते आयुक्त
नगर पालिक निगम सागर